**दिनांक : 28.07.2725** **समय : 07.10pm**

**मुख्य समाचार :–**

- **लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा जारी, रक्षामंत्री ने कहा पाकिस्तान को दिया मुंहतोड़ जवाब।**
- **मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य को समर्पित किये 148 मुक्ति वाहन।**
- **सावन के तीसरे सोमवार पर शिवालयों में उमड़ी भीड़, महाकाल की निकली शाही सवारी।**
- **दिव्या देशमुख बनी शतरंज की नई विश्व विजेता,राष्ट्रपति ने दी बधाई।**

## लोकसभा ऑपरेशन सिंदूर

लोकसभा में आज ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा शुरू हुई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब को भारत की सशक्त, सफल और निर्णायक सैन्य कार्रवाई बताया। उन्होंने कहा कि पहलगाम में पर्यटकों पर कायरतापूर्ण हमले के जवाब में भारतीय सेना ने पाकिस्तान को माकूल जवाब दिया, आतंकियों के नौ ठिकाने तबाह कर दिए और एक सौ से अधिक आतंकी मार गिराए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आतंकवाद से निपटने के लिए किसी भी हद तक जाएगा। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने जम्मू–कश्मीर में सुरक्षा स्थिति पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार पहलगाम में कायराना हमला करने वाले आतंकियों को पकड़ने में नाकाम रही। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान संघर्ष विराम की घोषणा के लिए भी सरकार पर सवाल उठाया। विपक्ष की आलोचना करते हुए रक्षामंत्री ने कहा कि उसके कुछ सदस्य पूछते रहे हैं कि भारत के कितने विमान गिराए गए? विपक्ष के ऐसे सवाल राष्ट्रीय धारणाओं का पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं करते।

## विधानसभा सत्र

मध्यप्रदेश की सोलहवीं विधानसभा का जुलाई–अगस्त 2025 मानसून सत्र आज से शुरू हुआ। सदन में निधन संबंधी उल्लेख करके मृतकों को श्रृद्धांजलि दी गई। इसके बाद सदन की कार्यवाही कल मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। वहीं, सदन के बाहर कांग्रेस विधायकों ने ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। सिरोंज से भाजपा विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि मुझे चिंता है कि कमलनाथ जी विधानसभा क्यों नहीं आ रहे? गौरतलब है कि 8 अगस्त तक चलने वाले इस सत्र में अनुपूरक बजट भी पेश किया जाएगा। सत्र के लिए कुल 3377 में से 2076 सवाल ऑनलाइन आए हैं, जबकि ऑफलाइन सवालों की संख्या 1301 है। इस सत्र में तीन सरकारी विधेयक भी पेश किए जाएंगे।

## मुक्ति वाहन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज शाम मुख्यमंत्री निवास, भोपाल से प्रदेश को मुक्ति वाहन समर्पित किये। यह वाहन प्रदेश के कई जिलों में भेजे जा रहे हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा....

राश्ट्रीय षिक्षा नीति

शिक्षा मंत्रालय कल भारत मंडपम परिसर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की 5वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय शिक्षा समागम, 2025 का आयोजन कर रहा है । दिन भर चलने वाले इस विचार–विमर्श का उद्‌घाटन शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान करेंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति की पांचवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाला अखिल भारतीय शिक्षा समागम (एबीएसएस) 2025 शिक्षाविदों, नीति निर्माताओं, शिक्षकों, उद्योग जगत के दिग्गजों और सरकारी प्रतिनिधियों के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा।

## विश्व हेपेटाइटिस दिवस

आज विश्व हेपेटाइटिस दिवस मनाया गया। यह दिवस हर साल 28 जुलाई को वायरल हेपेटाइटिस के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। वायरल हेपेटाइटिस लिवर की एक सूजन है जो गंभीर लिवर रोग और लिवर कैंसर का कारण बनती है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, इस वर्ष का विषय है हेपेटाइटिस– लेट्स ब्रेक इट डाउन।

## सावन सोमवार, नागपंचमी

सावन महीने के तीसरे सोमवार के अवसर पर आज सुबह से प्रदेश के शिवमंदिरों में विशेष पूजा अर्चना का दौर चल रहा है। उज्जैन में भगवान श्री महाकालेश्वर की तीसरी शाही सवारी धूमधाम के साथ निकाली गई। भगवान महांकाल श्री चंद्रमौलेश्वर के रूप में पालकी में विराजित रहे। आज की सवारी में विभिन्न बैण्ड की प्रस्तुतियाँ खास आकर्षण रहीं। वहीं, कल नागपंचमी का पर्व उत्साह औश्र श्रृद्धा के साथ मनाया जाएगा। अकेले उज्जैन में पांच लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। वर्ष में केवल एक दिन खुलने वाले उज्जैन के नागचंद्रेश्वर मंदिर के पट आज रात 12 बजे से खोल दिए जाएंगे।

## विश्व कप, ॅराष्ट्रपति–देशमुख हम्पी

भारत की दिव्या देशमुख ने जॉर्जिया के बटुमी में फिडे महिला विश्व कप के फाइनल में कोनेरू हम्पी को हराकर खिताब जीत लिया। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने फिडे महिला विश्व कप में भारतीय ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख को विजेता और कोनेरू हम्पी को उपविजेता बनने पर बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में उन्नीस वर्ष की आयु में यह खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनने की दिव्या की उपलब्धि की प्रशंसा की। राष्ट्रपति ने शानदार करियर के दौरान उत्कृष्टता बनाए रखने के लिए भी कोनेरू हम्पी की सराहना की।

## सदानीरा" प्रदर्शनी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप राज्य सरकार ने 30 मार्च से 30 जून 2025 तक 90 दिवसीय जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया। सम्पूर्ण प्रदेश में चले इस अभियान में जनभागीदारी की अद्‌भुत मिसाल देखने को मिली। यह बातें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज **"सदानीरा" प्रदर्शनी के शुभारंभ के मौके पर कही।** मुख्यमंत्री विधानसभा के सेंट्रल हॉल में जल गंगा संवर्धन अभियान की उपलब्धियों पर केंद्रित प्रदर्शनी "सदानीरा" का शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे। आपको बता दें कि प्रदर्शनी में जल गंगा संवर्धन अभियान की उपलब्धियों, प्रदेश की बावड़ियों, जलीय जीवन के प्राणतत्व–जलचर, अमृतस्य नर्मदा, उपग्रह की नजर से

प्रदेश की प्रमुख जल संरचनाओं जैसी प्रदेश की जलीय विविधता को वीर भारत न्यास द्वारा प्रदर्शित किया गया है।

## मौसम

मध्यप्रदेश के अधिकांश जिलों में आज बारिश हुई। राजधानी भोपाल सहित कई जिलों में तो दिनभर झमाझम पानी गिरते रहा। मौसम विभाग ने आज देर रात और कल तक मध्य प्रदेश के अधिकांश जिलों में बारिश होने का अनुमान जारी किया है, वहीं कुछ स्थानों में आज बहुत तेज वर्षा होने की चेतावनी जारी की है। मंदसौर और नीमच जिलों में अत्याधिक भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। विदशा, राजगढ़, शाजापुर, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी जिलों के लिए भी चेतावनी जारी की गई है।

## कुछ समाचार संक्षेप में

- मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे "नशे से दूरी है जरूरी" अभियान के अंतर्गत, आज झाबुआ जिले के एकीकृत शासकीय हाई स्कूल, हरीनगर, गोरियाखदान में एक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- खंडवा के ओकारेश्वर में स्थित ममलेश्वर मंदिर की नवगठित प्रबंधन समिति की पहली बैठक आज सोमवार को ओंकारेश्वर स्थित एकात्मक धाम परियोजना कार्यालय के सभा कक्ष में संपन्न हुई।
- पन्ना के खाद्य औषधि प्रशासन विभाग ने आज अमानक स्तर के शुद्ध घी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 8 क्विंटल 29 किलो घी डिस्मेंटल किया है।
- आगरमालवा जिला कलेक्टर ने जिले के सभी विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी भवनों का भौतिक सत्यापन करने हेतु जारी आदेश जारी किए है।
- विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर vkt जिला जेल गुना एवं उप जेल चांचौड़ा में कुल 111 मरीजों की स्क्रीनिंग एवं जांच की गई।
- शहडोल नगर पालिका अमृत हरित अभियान के तहत पूरे नगर व इसके आसपास के इलाके में 43 हजार पौधे लगाएगी। हरियाली को प्रोत्साहित करने व प्रकृति संरक्षण के उद्देश्य से इस अभियान को शुरू किया गया है।

-----